रोहतक
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 81
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 42.0
न्यून. 21.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
पृथ्वी दिवस आज
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के अंदर लोकतंत्र बचा नहीं : कृष्ण बेदी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस सिरसा विधायक गोकुल सेतिया द्वारा बीजेपी की कार्यप्रणाली की तारीफ करने पर कृष्ण बेदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दुनिया समझ रही है, कांग्रेस के अंदर लोकतंत्र बचा नहीं है। कांग्रेस के अंदर नेताओं में बेचैनी है। एक व्यक्ति ने कांग्रेस का लोकदलीकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैं और मेरा बेटा इसके अलावा कोई कांग्रेस में नहीं होगा। शैलजा, रणदीप सुरजेवाला उनकी आंख में रड़कता है। इसके इलावा अशोक तंवर, किरण चौधरी, राव इंद्रजीत सिंह, डॉ अरविंद शर्मा, नवीन जिंदल, कुलदीप बिश्नोई जब कांग्रेस में थे। तब यह भी उनकी आंख में रड़कते थे। जब एक व्यक्ति इतना स्वार्थवादी हो जाए, कि उसको सभी लोग अपने स्वार्थ के आगे रोड़े लगने लग जाए।

### आरोही मॉडल स्कूलों को वित्तीय राहत

**चंडीगढ़।** आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष मनोज कुमार और अन्य शिक्षकों ने सरकार का आभार जताया है। शिक्षक नेताओं ने वित्तीय राहत मिलने पर बड़ी राहत महसूस करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, निदेशक जितेन्द्र कुमार, आईएएस एवं सहायक निदेशक राजबाला का एसोसिएशन की ओर से आभार जताया है। भाजपा ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के हित में एक बार फिर संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ली बैठक, अफसरों ने दी जानकारी

# टूरिज्म कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक किए जाएंगे, ऑनलाइन कर सकेंगे बुकिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना, सिंधु दर्शन यात्रा और कैलाश मानसरोवर यात्रा का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि नागरिकों के लिए तीर्थयात्रा के अवसरों में बढ़ोतरी हो सके। साथ ही, पर्यटन विभाग को हरियाणा के सभी पांच होटल प्रबंधन संस्थानों (आईएचएम) में बेहतर छात्र प्रवेश सुनिश्चित करने की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विरासत एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, हरियाणा पर्यटन निगम अपने 42 टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में बैंक्वेट हॉल, समिति कक्ष और सम्मेलन हॉल के लिए बुकिंग प्रणाली को डिजिटल करेगा। मुख्यमंत्री ने हाल ही में शुरू की गई डिजिटल बुकिंग पहलों और मेक माई ट्रिप और बुकिंगजिनी जैसे ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों के साथ सहयोग की भी समीक्षा की।



xgdfhgfhf

### राजा नाहर सिंह पैलेस में भी डेस्टिनेशन वेडिंग होंगी

पिंजौर स्थित यादवेंद्र गार्डन में डेस्टिनेशन वेडिंग की सफलता को देखते हुए अब इस योजना का विस्तार फरीदाबाद स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस के लिए भी करने का प्रस्ताव रखा गया है। यादवेंद्र गार्डन में किराया 10 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री ने यादवेंद्र गार्डन को और अधिक आकर्षक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस गार्डन में श्रीनगर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन की तरह विभिन्न प्रकार के फूल लगाए जाएं ताकि इसके सौंदर्य को बढ़ाया जा सके।

### राजस्व भी बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्यटन निगम के अंतर्गत आने वाले राज्यभर के सभी टूरिज्म कॉम्प्लेक्स का सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पहल से जनता के बीच न केवल इन परिसरों की लोकप्रियता बढ़ेगी, बल्कि उनके राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### टिक्कर ताल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि पंचकूला जिले के मोरनी स्थित टिक्कर ताल को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के आकर्षण के लिए यहां रोपवे और स्विमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। टिक्कर ताल तक जाने वाली सड़क को चौड़ा करने के निर्देश दिए गए।

### हांसी की 'लाल सड़क' मॉडल रोड बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हांसी की ऐतिहासिक और प्रसिद्ध लाल सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हिसार स्थित ब्लू बर्ड झील के विकास का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए। झील में जल आधारित साहसिक गतिविधियों जैसे स्पीड बोटिंग, वॉटर स्कूटर, जेट स्कीइंग, रोइंग (नौकायन), और पैडल बोटिंग की सुविधाएं विकसित की जाए, ताकि यह स्थल पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन सके।

### मई से ऑनलाइन शुरू होने की उम्मीद

टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में विवाह स्थलों के लिए ऑनलाइन बुकिंग बैठक में बताया गया कि टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में विवाह स्थलों के लिए ऑनलाइन बुकिंग मई 2025 से शुरू होने की संभावना है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न धरोहर स्थलों पर जीर्णोद्धार एवं संरक्षण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि नल्हड़ में पांडव मंदिर का विकास 2.047 करोड़ की लागत से हो रहा है।

# सीएम के साथ उद्योगपतियों की बैठक आज स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की पहल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में इंडस्ट्री लगाने और हरियाणवीं युवाओं को रोजगार देने की इच्छा रखने वाले व्यापारी वर्ग मंगलवार को सीएम हरियाणा के साथ में बैठक करेंगे। हरियाणा में उद्योग लगाने और उसमें कुछ कंपनियां इस तरह की भी हैं, जो राज्य के युवाओं को 70 से 80 फीसदी तक रोजगार देने की पहल करना चाहते हैं। हरियाणवियों को रोजगार देने का ऑफर सरकार के सामने रखा गया है। बदले में यह कंपनियां सरकार से विशेष रियायतें भी चाहती हैं, जिसमें कंपनियां भारतीय और कुछ बाहरी कंपनियां भी हैं। कंपनियां पहले सरकार को अपना प्रपोजल दे चुकी हैं। आठ कंपनियों के प्रस्तावों पर मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक होगी।

### प्लांट लगाना चाहती हैं कई कंपनियां, विशेष रियायत मांगी

जापान दुपहिया और चार पहिया वाहनों के पार्ट्स बनाने वाली कंपनी आईएमटी खरखौदा में प्लांट लगाना चाहती है। झज्जर के भागपुर और अंबाला के नारायणगढ़ में वायु प्रोड्क्टस प्राइवेट लिमिटेड सोलर प्रोजेक्ट के लिए विशेष प्रोत्साहन चाहती है। इसी तरह से अडानी विलमार लिमिटेड ने मुंडलाना में खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण प्लांट के लिए सरकार से विशेष रियायत देने की मांग की हुई है।

### विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को शीघ्र मुआवजा दे सरकार : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि प्रदेश में किसानों को आग से हुए नुकसान के लिए विशेष गिरदावरी और शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए ताकि किसान इस संकट से उबरकर खरीफ फसलों की बुवाई कर सके। सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके लोकसभा क्षेत्र के सिरसा जिले के विभिन्न गांवों - कंवरपुरा, मोरीवाला, रसूलपुर, बुर्ज भंगू, साहुवाला, लुदेसर, रूपाणा, भंगू, ढाबा, सुचान और सिकंदरपुर में खेतों में आग लगने से नुकसान हुआ है। अधिकतर घटनाएं बिजली निगम की लापरवाही के कारण हुई हैं, विशेष रूप से ढीली और झुकी हुई लाइन के कारण।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 1/2025** **प्रकाशन की तिथि : 22.04.2025**

आयोग विधि एवं विधायी विभाग, हरियाणा में अधीक्षक (लीगल) (ग्रुप-बी) के 03 पदों (सामान्य/अनारक्षित) के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

(ए) आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 24.04.2025
(बी) आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 14.05.2025 (अप. 5:00 बजे तक)
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 14.05.2025 (अप. 5:00 बजे तक)

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 15.04.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/316/2026/34074/88/6 दि. 21.04.25 पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**शुद्धिपत्र**

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में विज्ञा. सं. 26/2023 के तहत शेष हरियाणा कैडर के लिए कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के 1633 पदों और विज्ञा. सं. 36/2023 के तहत मेवात कैडर के 78 पदों को विज्ञापित किया था। आयोग ने सभी पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रण के लिए पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 28.04.2025 से और 02.05.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

विस्तृत योग्यता और शुद्धिपत्र के नियम एवं शर्तें आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 21.04.2025
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/317/2026/34077/88/6 दि. 21.04.25 पंचकूला

# कामगारों के पंजीकरण में गड़बड़ी की जांच करेगी कमेटी, मंत्री ने तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने हरियाणा भवन व अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से कामगारों से संबंधित शिकायतों व उनके पंजीकरण में अनियमितताओं व खामियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन करने के निर्देश दिए हैं और यह कमेटी तीन महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी। विज हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विज ने तीन सदस्यीय कमेटी में यूनियन की तरफ से सुनील ढिल्लो, नियोक्ता की तरफ से भूपेंद्र शर्मा तथा विभाग की ओर से संयुक्त सचिव ए. के. देशवाल को शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

### सभी ब्लॉक स्तर पर सुनवाई के लिए हेल्प डेस्क हों

मंत्री अनिल विज ने सभी ब्लॉक स्तर पर कामगारों की सुनवाई के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर व हेल्प डेस्क दोनों अलग—अलग होने चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि पंचकूला, हिसार व सोनीपत में क्षेत्रीय स्तर पर कॉल सेंटर खोले गए हैं। विज ने स्पष्ट किया कि जिन श्रमिकों ने बोर्ड में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है और किन्हीं कारणों से उसका आवेदन रद्द हो जाता है तो उसकी फीस अवश्य वापिस की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की डिटेल रिपोर्ट अलग से तैयार की जाए। बैठक में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) कृष्ण बेदी, श्रम एवं रोजगार विभाग प्रधान सचिव राजीव रंजन, श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा तथा बोर्ड चेयरमैन व अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### वादे से मुकरी भाजपा कौशल कर्मियों को किया नौकरी से बाहर : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि धोखा और वादाखिलाफी बीजेपी की फितरत बन गई है। तीसरी बार सरकार बनाने के बावजूद बीजेपी अपनी पुरानी आदत से बाज नहीं आई। अपने चुनावी वादे से मुकरते हुए सरकार ने कौशल कर्मियों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। हुड्डा ने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे सभी सवा लाख कर्मचारियों को पक्का करने का ऐलान किया था। इतना ही नहीं बीजेपी ने चुनाव के दौरान कांग्रेस के खिलाफ झूठ भी फलाया था। उसने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कौशल निगम को खत्म करके सभी कच्चे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देगी। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सभी कौशल कर्मियों को नियमित करने और उचित वेतन देने का वादा किया था।

# नेशनल हेराल्ड मामले पर लोगों को भटका रही भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- कांग्रेस नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता में लगाए आरोप

कांग्रेस पार्टी के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री असम कांग्रेस पार्टी प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं पर नेशनल हेराल्ड मामले को बेवजह तूल देने और लोगों का भटकाने का आरोप लगाया है। भवंर जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है। देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। भाजपा नेता अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने, स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का काम कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर भी मौजूद रहे।

भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर तथाकथित आरोपपत्र राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य, चाहे वह राजनीति में हो या नहीं, भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे हैं, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है! बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है।

## विकास कार्यों को रोकना सबसे बड़ा अपराध : हरविंद्र कल्याण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि भ्रष्टाचार तो अपराध है ही उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोके रखना है। ऐसे में अधिकारी विकास कार्यों की गंभीरता को समझें और बेवजह विकास कार्यों में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्या का समाधान निकालें और निडर होकर काम करें क्योंकि वे सरकार का चेहरा हैं और जनता को उनसे बहुत सी उम्मीदें हैं जिन पर उन्हें खरा उतरना है। कल्याण सोमवार को करनाल में सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व सीएम की घोषणाओं को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। श्री कल्याण ने अधिकारियों से कहा कि समय पर विकास कार्य शुरू न करने वाले व अधूरा काम छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करें। इसके अलावा अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

## हरियाणा कांग्रेस की प्रभारी ने बुलाई दिल्ली में बैठक

# हाईकमान ने दिखाई गंभीरता, विधायक दल नेता चुनाव को लेकर प्रक्रिया तेज

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल नेता के चुनाव को लेकर अब प्रक्रिया तेज होने जा रही है। इस क्रम में हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने अहम बैठक बुलाई है। विधायकों और नेताओं की नेतृत्व के विरुद्ध हाईकमान के प्रति नाराजगी को देखते हुए हाईकमान ने गंभीरता दिखाई है। हरिप्रसाद ने राज्य के कांग्रेस नेताओं की अहम बैठक 22 को नई दिल्ली में बुला ली है।

इस क्रम में रविवार को पार्टी संगठन सचिव की ओर से एक विधिवत पत्र जारी किया गया है, जिसमें बैठक की सूचना दी गई है। कांग्रेस के संगठन और विधायक दल नेता के चयन में देरी साथ ही विधायकों द्वारा लगातार इस बारे में नाराजगी जताए जाने के बाद में पार्टी हाईकमान ने इस क्रम में प्रभारी बीके हरिप्रसाद को बैठक बुलाने के लिए कहा था, जिसके बाद में 22 अप्रैल को शाम तीन बजे नई दिल्ली इंदिरा भवन में बैठक होगी। इसके लिए राज्य के वरिष्ठ नेता तैयारी में जुटे हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, विपक्ष के निवर्तमान नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, तीनों कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, चौधरी रामकिशन गुर्जर और सुरेश गुप्ता बैठक में शामिल होंगे। कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, सांसद सिरसा सैलजा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सतपाल ब्रह्मचारी सांसद, सांसद वरुण मुलाना, सांसद जेपी को बैठक का निमंत्रण दिया है। वहीं लोकसभा चुनाव लड़े उम्मीदवार, सभी कांग्रेस विधायक और विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों को भी बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।

### नया संगठन खड़ा करने की कवायद

लोकसभा चुनाव लड़े उम्मीदवार, सभी कांग्रेस विधायक और विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों को बैठक में शामिल होने का निर्देश है। कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठनों और विभागों के प्रमुखों को बैठक में बुलाया है। कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद नया संगठन खड़ा करने की कवायद में जुट गए हैं। हालांकि विधायक दल नेता का चयन अभी लंबित है। संगठन बनाने और विधायक दल का नेता चयनित होने में देरी से कांग्रेस विधायक नाराजगी हैं।

### विधायकों की नाराजगी और खिसकने का डर

हरियाणा विधायक नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए नायब सरकार की प्रशंसा के कारण कांग्रेस हाई कमान को भी साफ हो गया है कि कहीं, उनके विधायक इधर, उधर नहीं चले जाएं। गोकुल सेतिया और अन्य कई विधायकों के सुर भी इस तरह से खुलकर सामने आ रहे हैं। रविवार को सिरसा कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया द्वारा नाराजगी भरी पोस्ट के बाद बैठक बुलाए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता भी कांग्रेस के नेताओं की पीड़ा पर खुलकर चुटकी ले रहे हैं। गोकुल सेतिया ने कहा है कि कांग्रेस हाईकमान जीते हुए विधायकों की अनदेखी कर रहा है।

**नियम व शर्तें**

नगर परिषद नारनौल व इसमें शामिल किए गए गांवों (किरारोद अफगान, नसीबपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, शाहपुर अब्बल, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2025-26 के लिए खुली बोली पर दिनांक 02/05/25 को प्रात 10:00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। नियम व शर्तें निम्न प्रकार है:-

1. यह कि, बोली मु० 10,000/- रूपये सिक्योरिटी से बोली के पूर्व नगर परिषद कार्यालय में जमा करनी होगी। तभी बोलीदाता बोली दे सकेगा और बोली दाता जितने प्लॉटो की बोली लगाना चाहता है, प्रत्येक प्लाट की अलग-2 सिक्योरिटी राशी जमा करवाकर बोली लगायेगा। जिस व्यक्ति के नाम बोली नहीं छुटेगी उनकी सिक्योरिटि की राशि बोली के बाद वापिस कर दी जाएगी।
2. पटटे की अवधी बोली की तिथी से एक वर्ष के लिये होगी
3. पटटेदार द्वारा भूमि का प्रयोग केवल कृषि के लिये (बोली की तिथी से एक वर्ष तक) ही किया जायेगा। पटटेदार भूमि पर खड़े पेड़ नहीं काटेगा पटटेदार मिटटी का उठान नहीं करेगा। पटटेदार किसी अन्य को उप विभाजित नहीं करेगा।
4. सरकार की किसी हिदायत का उल्लघन नहीं करेगा जैसे पराली जलाना, प्रतिबंधित रसायन इत्यादी का प्रयोग नहीं करेगा।
5. यदि किसी स्थिती में विभाग द्वारा अनुबन्ध रद्द किया जाता है तो भूमि पर उपज रही भूमि पर भी पटटेदार का अधिकार नहीं होगा।
6. यदि पटटेदार के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसमें दोषी पाये जाने पर भी पटटेदार का अनुबन्ध रद्द कर दिया जायेगा।
7. पटटेदार द्वारा अनुबन्ध अवधी के बीच में अनुबन्ध रद्व/बीच में छोड़ने की स्थिती में बोली की राशी को वापिस नहीं किया जायेगा।
8. किसी भी समय पर कोई भी शर्तो की पालना ना होने या अन्य किसी भी स्थिती पटटे की भूमि/बोली को रद्ध करने का अधिकार नगर परिषद, कार्यालय के पास रहेगा।
9. सरकार द्वारा समय-2 पर जारी हिदायतों व निर्देशों की पालना करनी होगी।
10. यह कि कोई भी नगर परिषद का बाकीदार बोली नहीं लगा सकता।
11. पूर्व वर्ष की भांति ही जो प्लाट अनुसुचित जाति के लिये आरक्षित थे वे इस वर्ष भी आरक्षित रहेगें।
12. यह कि अन्य प्लाट सामान्य श्रेणी के लिये कोई भी बोलीदाता बोली दे सकेगा।
13. यह कि बोली की किसी भी शर्त को मौके पर प्रशासन नगर परिषद स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।
14. यह कि बोली की स्वीकृत अधिकतम राशि बोली स्वीकृत होने के पश्चात मौके पर नगर परिषद में जमा करनी होगी।
15. यह कि शर्ते पुरी ना करने की सूरत में किसी भी बोलीदाता की सिक्योरिटि की राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. कृषि योग्य भूमि की एक वर्ष यानी 2025-2026 के लिए पट्टे के लिए आम सूचना के लिए मुनादी करा दी गई है तथा अखबार में भी विज्ञापन प्रकाशित करा दिया गया हैं।
17. सभी टैक्स पट्टेदार को देने होंगे।
18. बिजली का बिल यदि किसी प्रकार का होगा तो पट्टेदार द्वारा भरा जाएगा।
19. प्रस्तावित कृषि भूमि पर पट्टेदार किसी प्रकार का निर्माण नहीं करेगा।
20. भूमि पर लगे सभी उपकरण इत्यादि यदि कोई हो तो चालू हालत में प्राप्त करेगा और चालू हालत में वापिस करेगा।
21. बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद नारनौल।
संवाद-1078/11/665/2026/34045/C/88/6 दि. 21.04.25

**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./11** **तारीख: 21.04.2025**

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या : NR-Proj-UMB-25009A**

**कार्य का नाम:-** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन (135 आरकेएम/270 टीकेएम) के गाज़ियाबाद-मुरादाबाद खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री-बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61.77 Cr. | 3238700/- | 24 | Nil | 26.05.2025 at 15:00 hrs. | 26.05.2025 at 15:30 hrs. | हॉं |

| बिडिंग प्रणाली | बिडिंग टाइप | स्वत: एलिमिनेशन नियम लागू | प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच:एमएम) | मिनिमम डीक्रिमेंट % | सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच:एमएम) |
|---|---|---|---|---|---|
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हॉं | 04:00 | 0.2 | 00:20 |

**कार्य की समान प्रकृति:** "50 हर्टज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग". निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:** – तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज़ में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। **1177/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | अग्रलिखित के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव, 1. सिरसा में लघु सचिवालय में इसके उपयुक्त संग्रहण के लिए ईवीएम / वीवीपैट्स वेयरहाउस (4000 यूनिट) के लिए, 2. सिरसा जिले में रानियां में ग्रामीण न्यायालय, और 3. वर्ष 2025-26 हेतु सिरसा जिले में ऐलनाबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (12 माह के लिए एल/एस कार्य का रखरखाव, लेबर कार्य केवल)। | 18.04.2025 24.04.2025 | 8 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शैड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में जीवीडी सिलानी के नये भवन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 26.04.2025 | 23.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | गांव भटगांव में भटगांव डोंगरान ड्रेन के 1500 फुट की लम्बाई में सेक्शन के माध्यम से आर.सी.सी. बनाने के लिए आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 117.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | एचजीवीवाई - लाढौत (25284) में सैनी धर्मशाला में हॉल का निर्माण + 7 कार्य। | 18.04.2025 24.04.2025 | 28.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज रोहतक | गांव भगवतीपुर ब्लॉक रोहतक में बीसी चौपाल (विश्वकर्मा भवन) का निर्माण (एमपीएलएडीएस आरएस)। | 18.04.2025 24.04.2025 | 9.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज कैथल | गांव बाबा लदाना में ब्राह्मण चौपाल में आयरन / टिन शैड का निर्माण + 8 कार्य। | 18.04.2025 25.04.2025 | 21.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050228730 kaithalsdopr@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बेहोली : गांव बेहोली, ब्लॉक पिपली में पीएचसी का निर्माण। | 18.04.2025 02.05.2025 | 341.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | खुखनी : ब्लॉक इन्द्री जिला करनाल में भगवान परशुराम भवन का निर्माण। | 18.04.2025 28.04.2025 | 79.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज कैथल | गांव नयना में रविदासीया चौपाल में शौचालय और स्नान गृह का निर्माण। | 17.04.2025 24.04.2025 | 1.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 11 | वन विभाग सिरसा | सार्वजनिक सूचना : नये पौधारोपण, रखरखाव और नर्सरी कार्य + 13 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 28.04.2025 | 797.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/34081/I/88/6 दि. 21.04.25

रोहतक
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 81
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 42.0
न्यून. 21.2
haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

पृथ्वी दिवस आज

## आईपीएल में आज



लखनऊ सुपर V/S दिल्ली कैपिटल्स
: समय : 7.30 PM
: स्थान : लखनऊ

## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े। सोमवार को जारी ताजा पेरोल आंकड़ों के अनुसार, यह आंकड़ा पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.99 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए। *एजेंसी*

### खादी कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** देश के खादी और ग्रामोद्योग ने वित्तवर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नए रोजगार सृजन का रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत व रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ था। *एजेंसी*

### सोने की कीमत एक लाख के करीब पहुंची



**नई दिल्ली।** सोने की कीमत लगातार अपना रिकॉर्ड हाई बना रही है। इसका मुख्य कारण चीन और अमेरिका के बीच चल रही वैश्विक चिताएं बताई गई है। 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति ग्राम पहुंच गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है 22 अप्रैल तक 24 कैरेट सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच जाएगा। *एजेंसी*

### 30 जून से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**देहरादून।** कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद इस वर्ष 30 जून से शुरू होगी जिसका मार्ग उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में 17 हजार फुट की उंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रे से होगा। हर वर्ष आयोजित होने वाली यह यात्रा 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दी गयी थी और उसके बाद से यह संचालित नहीं हो पायी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों से इस वर्ष यह संभव हो पाया है। भाषा

चार दिवसीय दौरे पर भारत आए अमेरिकी उप राष्ट्रपति वेंस

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मिले पीएम मोदी, द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई बातचीत, परिवार के साथ दिल्ली पहुंचने पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की पृष्ठभूमि में सोमवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे, जहां प्रधानमंत्री ने उन्हें रिसीव किया। इसके बाद मोदी वेंस, उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल को लेकर आवास के अंदर गए। उन्होंने बच्चों को अपने घर का गार्डन दिखाया। पीएम ने बच्चों को मोरपंख भेंट किए। पीएम ने वेंस और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। पीएम मोदी और वेंस के बीच रक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और वार्ता और कूटनीति से आगे बढ़ने का आह्वान किया। वेंस की यह यात्रा टैरिफ विवाद के बीच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। *(पेज 6 भी देखें)*

**द्विपक्षीय व्यापार समझौता और टैरिफ विवाद के बीच यह दौरा महत्वपूर्ण रक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर हुई विस्तार से चर्चा**



- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया, एयरपोर्ट पर ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया
- वेंस ने परिवार सहित पीएम मोदी के साथ डिनर किया
- पीएम ने बच्चों को मोरपंख भेंट किए, घर का गार्डन भी दिखाया



### उषा वेंस के गांव में खुशी की लहर

उषा वेंस का पैतृक गांव वडलूरू, जो आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में है, इस दौरे से बहुत उत्साहित है। गांव के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वेंस दंपती यहां भी आएंगे। गांव में गर्व और खुशी का माहौल है।

### वेंस बोले- मेरे बच्चों को अक्षरधाम मंदिर बहुत पसंद आया

अक्षरधाम मंदिर देखने के बाद जेडी वेंस ने कहा कि इतने प्यार और आदर के साथ मेरा स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद। ये मंदिर इतनी सुंदरता और बारीकी से बनाना भारत की खूबी दिखाता है। मेरे बच्चों को ये बेहद पसंद आया।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

# हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण का आरोप लगाया : सुप्रीम कोर्ट

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई ने न्यायपालिका को हाल में निशाना बनाए जाने का स्पष्ट जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि ''हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण करने का आरोप'' लगाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हाल में हुई हिंसा की जांच कराए जाने का अनुरोध करने वाली एक नई याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अगुवाई कर रहे न्यायमूर्ति गवई ने यह टिप्पणी की। इस पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति गवई ने एक अन्य मामले में भी इसी तरह की टिप्पणी की। एक मामला जहां वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में हाल में हुई हिंसा से जुड़ा है तो दूसरी याचिका में केंद्र को ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। ऑनलाइन सामग्री पर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''इस पर कौन नियंत्रण कर सकता है? इस संबंध में नियम तैयार करना केंद्र का काम है।'

## याचिका में अर्धसैनिक बल की तैनाती की उठाई थी मांग

- अर्द्धसैनिक बल की तैनाती पर आदेश देने से इनकार
- कहा-क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को आदेश दें
- किसी भी उचित सत्यापन के बिना जल्दबाजी में लगाई गई याचिका

### राष्ट्रपति शासन लगाने की थी मांग

न्यायमूर्ति गवई ने मामले में पक्ष रख रहे अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन से कहा, ''हमारी आलोचना की जा रही है कि हम कार्यपालिका के कामकाज में, विधायिका के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं।'' जैन ने कहा, ''यह बहुत गंभीर मामला है''। इसके बाद पीठ ने सुनवाई अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दी। जैन ने 2021 की एक अलग लंबित जनहित याचिका में दाखिल आवेदन का उल्लेख करते हुए विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हिंसा के मद्देनजर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की थी। उन्होंने पीठ से अनुरोध किया कि मुख्य याचिका के साथ मंगलवार को इस पर सुनवाई की जाए। जैन ने कहा कि 2021 की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है तथा पश्चिम बंगाल में हिंसा की और घटनाओं को सामने लाने वाली नयी याचिका पर भी सुनवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''कल की सूची में मद संख्या 42 पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने से संबंधित है। यह याचिका मैंने दायर की है। उस याचिका में मैंने पश्चिम बंगाल राज्य में हुई हिंसा की कुछ और घटनाओं को सामने लाने संबंधी अभियोग और निर्देश के लिए एक इंटरलोक्यूटरी आवेदन दायर किया है।'' 'इंटरलोक्यूटरी' आवेदन एक औपचारिक कानूनी अनुरोध होता है जो अंतरिम आदेश या निर्देश प्राप्त करने के लिए न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दायर किया जाता है। जैन ने कहा कि अर्धसैनिक बल की तैनाती और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

### याचिका वापस लेने की दी अनुमति

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका में याचिकाकर्ता के ''निराधार'' दावों को लेकर सोमवार को उसे फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता शशांक शेखर झा को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी तथा उन्हें नयी याचिका दायर करने की छूट प्रदान की। शीर्ष अदालत ने दावों को लेकर उनकी खिंचाई करते हुए कहा कि याचिका आवश्यक पक्षों के अलावा किसी भी उचित सत्यापन के बिना दायर की गई। पीठ ने कहा, ''लगता है आप किसी जल्दबाजी में हैं।''

### यह कहा था धनखड़ और दुबे ने

धनखड़ ने राष्ट्रपति के फैसला करने की समयसीमा तय करने और ''सुपर संसद'' के रूप में काम को लेकर न्यायपालिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर ''परमाणु मिसाइल'' नहीं दाग सकता। इसके कुछ समय बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए।

# आगजनी से नुकसान पर मुआवजा देगी सरकार

- सीएम ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की, जारी किए निर्देश
- प्रभावित किसान संबंधित उपायुक्तों के समक्ष करें आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



**नुकसान से प्रभावित किसानों को आगामी फसलों की बुवाई के लिए बीज व खाद में मदद की जाएगी**

हरियाणा में पिछले कुछ दिनों में खेतों में हो रही अचानक आगजनी की घटनाओं से फसलों व पशुओं को हुए नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए किसानों को मुआवजे देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां सिविल सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है। हमारी सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में हुई आगजनी की घटनाओं से फसलों या पशुओं सम्बंधित जान - माल का नुकसान हुआ है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी प्रभावित किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को भी निर्देश जारी किए हैं कि वे आगजनी से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट लें। प्रभावित किसान संबंधित उपायुक्तों के समक्ष आवेदन करें, ताकि उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया अमल में लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि नुकसान से प्रभावित किसानों को आगामी फसलों की बुवाई के लिए बीज और खाद में भी मदद की जाएगी, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से बोझ न झेलना पड़े।

# झारखंड में एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सली ढेर

**रांची/नई दिल्ली (भाषा)।** झारखंड के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगू और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुई। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक, 'मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। 'बाकी नक्सलियों की पहचान में जुटे हुए हैं। अभी और नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी है। घटनास्थल से एक रिवॉल्वर, 1 एसएलआर, 4 इंसास राइफल कई हथियार भी बरामद किए गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

**बड़ी सफलता**
एके-47, 4 इंसास राइफल समेत कई हथियार बरामद

### बीजापुर में प्रेशर बम की चपेट में आने से जवान शहीद

बीजापुर (भाषा)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रेशर बम की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोयनार से फरसेगढ़ के बीच मोरमेड गांव के जंगल में प्रेशर बम की चपेट में आकर सीएएफ 19 वीं बटालियन का जवान मनोज पुजारी (26) शहीद हो गया है। उन्होंने बताया कि तोयनार से फरसेगढ़ के बीच बन रही सड़क की सुरक्षा के लिए सीएएफ के दल को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब तोयनार से फरसेगढ़ की ओर चार किलोमीटर दूर मोरमेड गांव के जंगल में था तब सुरक्षाबल के जवान मनोज का पैर प्रेशर बम के ऊपर चला गया। इससे बम में विस्फोट हो गया और वह शहीद हो गया।

'स्पेडेक्स' मिशन

## इसरो ने उपग्रहों की 'डॉकिंग' में दूसरी बार सफलता हासिल की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दूसरी बार दो उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट या अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। यह तकनीक दो या उससे अधिक अंतरिक्ष यान को एक साथ जोड़कर या कक्षा में साथ लाकर एक बड़ी संरचना बनाने तथा सामान की आपूर्ति करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान का संचालन करने में मदद मिलेगी।

- अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान के संचालन में मिलेगी मदद

प्रारंभिक जांच में खुलासा, पत्नी ने ही की पूर्व डीजीपी की हत्या

# खाना खाते समय चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका, फिर चाकू से कई बार वार किए

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या के मामले की जांच कर रही पुलिस को पता चला है कि पूर्व डीजीपी की पत्नी पल्लवी ने कथित तौर पर उन्हें चाकू मारने से पहले उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका था। पुलिस ने घटना के सिलसिले में ओम प्रकाश की पत्नी पल्लवी और बेटी कृति को मुख्य संदिग्ध के तौर पर गिरफ्तार कर लिया है। बिहार के रहने वाले 1981 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी ओम प्रकाश रविवार को बेंगलुरु स्थित अपने आवास में मृत पाए गए थे। उनका शव एचएसआर लेआउट स्थित उनके तीन मंजिला आवास के भूतल पर खून से लथपथ मिला।



**रविवार को घर पर मिला था खून से लथपथ शव बेटे कार्तिकेश ने मां और बहन को बताया था हत्या का जिम्मेदार**

### जलन से भागने लगे

प्रकाश जलन के कारण इधर-उधर भागने लगे, तभी पल्लवी ने उन पर चाकू से कई वार किए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने दावा किया कि इसके बाद पल्लवी ने अपने दोस्त को 'वीडियो कॉल' किया और कहा, ''मैंने राक्षस को मार दिया है।'' सूत्रों के अनुसार, दंपति के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। यह भी बताया जा रहा है कि इस अपराध के पीछे की एक वजह कर्नाटक के दांदेली में स्थित एक जमीन को लेकर विवाद भी था। पल्लवी ने कुछ महीने पहले एचएसआर लेआउट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

**संबोधन** सिविल सेवा दिवस समारोह में पीएम ने किया उल्लेख

युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं पर डाला प्रकाश

# नौकरशाही पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती सरकार भविष्य की नीतियों पर काम कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती तथा उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगी। मोदी ने यहां विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। उन्होंने नौकरशाहों को दिए 40 मिनट के भाषण के दौरान भारत के समाज, युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे।'

### आकांक्षाएं पूरा करने के लिए गति आवश्यक



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है।'' प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों के लिए ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, खेलों के क्षेत्र में प्रगति और अंतरिक्ष अन्वेषण में उपलब्धियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को रेखांकित किया। उन्होंने हर क्षेत्र में भारत का परचम लहराने के महत्व पर बल दिया।

### हर दिन और हर पल अथक परिश्रम करने का आग्रह

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सामूहिक प्रयास एवं दृढ़ संकल्प के महत्व को रेखांकित किया और सभी से इस साझा दृष्टिकोण की दिशा में हर दिन और हर पल अथक परिश्रम करने का आग्रह किया। मोदी ने वैश्विक स्तर पर हो रहे त्वरित बदलावों का उल्लेख करते हुए हर दो से तीन साल में 'गैजेट' के तेजी से बदल जाने को रेखांकित किया और इस बात का जिक्र किया कि बच्चे इन परिवर्तनों के बीच कैसे बड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कामकाज के तरीके और नीति निर्माण की प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।

**दुःखद** कई महीनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे पोप

5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते भर्ती रहे थे अस्पताल में

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे, 88 साल की उम्र में निधन

एजेंसी ▸▸ वेटिकन सिटी

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। सोमवार रात 8:00 बजे वेटिकन में पोप का शव ताबूत में रखा जाएगा। उनके वेटिकन स्थित सेंट मार्था निवास पर कार्डिनल केविन जोसेफ फैरेल, पोप का शव ताबूत में रखेंगे। बुधवार को उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा जा सकता है। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

### 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय



पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे।

### मोदी ने निधन पर शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''परम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।''

# पति ने पत्नी को जूस में दी नशे की गोलियां लड़के का वेश बनाकर प्रेमिका ने एसिड फेंका

■ अश्लील वीडियो व फोटो देखने के बाद दोनों से खफा थी पत्नी ■ विरोध करने पर बनाया मारने का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रतीम बाग हनुमान नगर नरवाना में महिला से अवैध संबंधों के चलते पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिल कर पत्नी पर एसिड अटैक किया कर दिया। जिसमें महिला बुरी तरह झुलस गई। जिसे हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती रवाया गया है। वारदात को अंजाम देने से पूर्व पीड़ित महिला को नशे की गोलियां दी गई थी। सीआईए स्टाफ ने महिला पर एसिड अटैक की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपित पति तथा उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है।

■ सिर, गर्दन, मुंह व छाती पर एसिड डाला, महिला की हालत गंभीर




### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। मूलतः गांव दबलैन हाल प्रीतम बाग हनुमान नगर नरवाना निवासी एक 29 वर्षीय महिला पर 19 अप्रैल रात सोई हालात में उसके घर पर एसिड अटैक कर दिया। जिसमें महिला बुरी तरह झुलस गई। जिसे गंभीर हालात में उपचार के हिसार के निजी अस्पताल भर्ती करवाया गया है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस सक्रिय हो गई और तथ्यों के साथ सीसीटीवी फुटेज को खगांला। जिसमें एसिड पीड़ित महिला का पति बलिंद्र तथा प्रेमिका गांव दबलैन निवासी आशू का नाम सामने आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जब पूछताछ हुई तो चौंकाने वाली बाते सामने आई।

### पत्नी के बेसुध होने पर पति चला गया प्रेमिका ने घर में घुसकर की वारदात

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि घटना वाली रात बलिंद्र ने अपनी पत्नी को जूस मे नशीली गोलियां दी थी। जिसके बाद वह बेसुध हो गई। जिसके बाद बलिंद्र ने अपनी प्रमिका आशू को एसिड डालने के लिए कहा। खुद घर से चला गया। आशू ने अपने महिला वाले कपड़े बदल और लोअर तथा शर्ट पहन कर पीड़िता के घर पहुंची और सिर, गर्दन, मुंह व छाती पर एसिड डाल कर फरार हो गई। जिसमें महिला बुरी तरह झुलस गई। एसिड की बोतल को लगभग एक माह पहले खरीदा गया था। डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि अवैध संबंधों के चलते पति ने अपनी महिला मित्र के साथ पत्नी पर एसिड अटैक किया था। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### अवैध संबंधों में बाधा बनने पर पति ने रचा षड्यंत्र

पुलिस ने जब आरोपित पति बलिंद्र तथा उसकी प्रेमिका आशू को गिरफ्तार किया तो सामने आया कि बलिंद्र तथा आशू के बीच अवैध संबंध थे। जिसकी फोटो तथा वीडियो बलिंद्र की पत्नी को हाथ लग गई। जिस पर बलिंद्र के घर घरेलू कलह शुरू हो गई। बलिंद्र की पत्नी आरोपित आशू के घर उलहाना दे आई और आपत्तिजनक वीडियो भी उन्हें दिखा आई। जिसके बाद बलिंद्र तथा उसकी महिला मित्र आशू एसिड अटैक महिला से खफा थी। जिसके चलते लगभग दस दिन पहले योजना बनाई और 19 अप्रैल रात को वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# बरसीन में चुनी जाएगी प्रदेश की पहली बालिका पंचायत, चुनाव आज

■ सरपंच के लिए नौ ने किया नामांकन, 9 पंच चुनी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में प्रदेश की पहली बालिका पंचायत के गठन किया जा रहा है। गांव बरसीन में बालिका पंचायत का गठन आज होगा। इसके लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसमें 10 बालिकाओं ने सरपंच पद के लिए दावदेरी जताई है। इस बालिका पंचायत में एक सरपंच, जबकि 9 पंच चुनी जाएंगी। दरअसल, बेटियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस बालिका पंचायत का गठन होगा। यह आइडिया जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ को गुजरात के अहमदाबाद स्थित आईआईएम में हुई ट्रेनिंग के दौरान आया था।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़ ने कहा कि गुजरात व राजस्थान में इस तरह की बालिका पंचायतों का गठन हो चुका है। उसी तर्ज पर अब हरियाणा में यह कवायद शुरू की गई है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत चेयरपर्सन ने अपने ही गांव से की है। बालिका पंचायत का गठन बकायदा वोटिंग के माध्यम से होगा। इसमें गांव की 11 से 21 साल तक की बेटियां चुनाव लड़ सकेंगी। इसी उम्र की बेटियां बालिका पंचायत चुनने के लिए वोटिंग भी करेंगी। बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग होगी। चुनी गई बालिका पंचायतों की हर महीने बैठक होगी। जिसमें बालिका सरपंच व पंच गांव व वार्डों की समस्याओं को उठाते हुए उनका समाधान करवाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

### लड़कियों को समुदायिक शासन में भागीदारी का अवसर मिलेगा

उन्होंने कहा कि बालिका पंचायत का उद्देश्य लड़कियों को समुदायिक शासन में भागीदारी का अवसर देना है ताकि उनमें नेतृत्व, जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी का विकास हो। पंचायत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत ग्राम पंचायत के साथ समन्वय में कार्य करेगी और उसकी बैठकों में भाग लेगी। बालिका पंचायत के सदस्यों को शासन, नेतृत्व और सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला परिषद की चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खिचड़ ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रदेश की पहली बालिका पंचायत का गठन गांव बरसीन में होगा। 24 अप्रैल को राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन होगा, जिसमें इस पायलट प्रोजेक्ट को रखा जाएगा।

# गोशाला में करंट लगने से पांच गाय और एक नंदी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका



कैथल रोड पर स्थित स्थानीय गोशाला में अचानक करंट आ जाने से 5 गायों व नंदी की मौत हो गई। उक्त घटना के बारे में गोशाला के प्रधान दर्शन गोयल ने पत्रकारों को बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि कोई कुछ समझ में नहीं आया और करंट के एक झटके के साथ गोवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोयल ने बताया कि गौशाला में सैकड़ों गाएं व नंदी हैं, जिनकी सेवा करने के लिए सुबह-सुबह प्रतिदिन सैकड़ों गौ भक्त, जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल होते हैं, आते हैं और श्रद्धा पूर्वक सेवा करते हैं और यदि उस समय यह हादसा हो जाता, तो इंसानी जान को भी बड़ी संख्या में नुकसान हो सकता था। इसके अतिरिक्त गौशाला के एक चैम्बर में ही करंट आया क्योंकि ऐसे कई चैंबर हैं, जिनमें गौ वंश रहता है परंतु बाकी के चैंबरों में कोई करंट नहीं आया और शेष सभी गाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि करंट की घटना के बाद जहां सबसे पहले करंट आने के कारण को जाना गया और पता चला कि शार्ट सर्किट के कारण ही एक चैम्बर में गायों को रोकने वाली लोहे की पाइपों में करंट आने के बाद ही उक्त घटना घटी, जिसके बाद शार्ट सर्किट से टूटी बिजली की तार को ठीक करवा दिया गया और गायों को पूरी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ दफना दिया गया।

# कंटेनर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरा, चालक घायल



**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव के पास एनएच 152डी से एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरा। घटना बीती रात की है। कंटेनर में सीमेंट भरी हुई थी। कंटेनर सड़क पर पलट गया जबकि कैबिन पुल से नीचे जा गिरा। गनीमत रही कि घटना के समय पुल से कोई वाहन नही गुजर रहा था, नही तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। राजस्थान के बीकानेर निवासी चालक शैतान सिंह कंटेनर को लेकर राजस्थान से चंडीगढ़ जा रहा था। बीती रात करीब तीन बजे जब वह 152 डी से लजवाना कलां गांव के पास पहुंचा तो अचानक कंटेनर अनियंत्रित हो गया और केबिन पुल से नीचे जा गिरा। घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जींद के सामान्य अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### ऑटो चालक से मारपीट

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में पैदल चलते वक्त एक व्यक्ति से हाथ टच होने का खामियाजा ऑटो चालक को भुगतना पड़ा। व्यक्ति ने एक दर्जन लोगों के साथ ऑटो चालक के साथ जमकर मारपीट की। उपेंद्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है।


**सार्वजनिक सूचना / प्रकाशन / इश्तहार/अखबार**
**न्यायालय कलैक्टर, बादली**
केस नं. : 38/फ०उ०र० तिथि दायरा :16/06/2022
तिथि पेशी : 01/05/2025 मौजा : फतेहपुर
तह. : बादली जिला : झज्जर
मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं. 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह। ...प्रार्थी
बनाम
1. समेसिहं, 2. रामेहर, 3. रामदत्त, 4. मेहर सिहं पुत्रान श्योसहाय, 5. खीमा उर्फ रतिया पुत्र भौजा पुत्र उदयराम, 6. राजकुमार, 7. जनकराज पुत्रान धर्म सिहं पुत्र श्योसहाय, निवासीयान गांव इस्माईलपुर तहसील बादली जिला झज्जर एंव विश्वेदारान गांव फतेहपुर तहसील बादली जिला झज्जर। ..मुरतहनान / प्रत्यार्थीगण
8. मनोज, 9. चन्द्रपाल पुत्रान व 10. राज, 11. सीमा, 12. नीतु, 13. ललित पुत्रीयान विद्या पुत्री रधबीर पुत्र यादराम, 14. श्रीऔम, 15. जयऔम पुत्रान अभेराम पुत्र यादराम, 16. हंसो विधवा व, 17. विनोद पुत्री इन्द्राज पुत्र यादराम, 18. अभिमन्यू पुत्र इन्द्राज पुत्र यादराम, 19. बर्फी देवी, 20. सावत्री व, 21. अभेराम पुत्र यादराम पुत्र लालमन, 22. रोशनी पत्नी रवींद्र पुत्र बेदराम, 23. दीपक पुत्र जयऔम पुत्र अभयराम, 24. अजय कुमार, 25. विजय कुमार पुत्रान श्रीऔम पुत्र अभयराम, 26. सुशीला पत्नी रवींद्र कुमार पुत्र जगदीश निवासी एंव बिश्वेदारान गांव फतेहपुर तहसील बादली जिला झज्जर। निवासीयान गांव फतेहपुर तहसील बादली जिला झज्जर।
.........प्रोफोर्मा राहिनान / प्रार्थीगण
**दरखास्त फकुल रहन बाबत भूमि वाका मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर।**
सर्व साधारण को इस विज्ञापन / प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम समेसिंह आदि निवासीगण गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा फतेहपुर, दरखास्त फकुल रहन बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से मुरतहनान / प्रत्यार्थीगण और प्रोफोर्मा राहिनान/प्रार्थीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और मुरतहनान/ प्रत्यार्थीगण और प्रोफोर्मा राहिनान / प्रार्थीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 01/05/2025 को निम्न अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन / वकालतन पेश होवे अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह विज्ञापन / प्रकाशन आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।
हस्ता/- कलेक्टर बादली



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के चुनिंदा नागरिक अस्पतालों में सीटी और एमआरआई स्कैन सेवाओं के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक्स केन्द्रों के विकास, प्रचालन और रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 18.04.2025 01.05.2025 | 60 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34056/I/88/6 दि. 21.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | एम.सी. झज्जर तक पहुंचने के लिए मुख्य सड़कों पर एम.सी. सीमा के अन्तिम प्वाइंट तक मौजूदा स्वागत द्वारों की रिशिफ्टिंग और विभिन्न नये स्वागत द्वारों का निर्माण + 5 कार्य। | 18.04.2025 25.04.2025 | 81.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34058/I/88/6 दि. 21.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन ओपी डिवी., यूएचबीवीएन, बेरी हेतु चालक सहित 1 अदद वाहन जीप / बोलेरो वाहन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 1. निविदा दस्तावेज शुल्क रु. 500/- (प्रत्येक) + जीएसटी 18% अप्रतिदेय, 2. ईएमडी राशि रु. 6000/- (प्रत्येक) प्रतिदेय | www.uhbvn.org.in NIT.NO.2/ XEN/BERI/ 2025-26 dated25.04.2025 | 9996667272 xenopberi@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34061/I/88/6 दि. 21.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण /ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | 1. विभिन्न सरकारी विभागों / संगठनों की ओर से 01 वर्ष की अवधि के लिए लैपटॉप्स की खरीद के लिए दर अनुबंध। 2. विभिन्न सरकारी विभागों / संगठनों की ओर से 01 वर्ष की अवधि के लिए कम्प्यूटर सिस्टम की खरीद के लिए दर अनुबंध। | 20.04.2025 30.05.2025 | 35 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dmhardware.hartron@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34057/I/88/6 दि. 21.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी करनाल | सेक्टर-9 (पार्ट) और 32 यू.ई. करनाल (फेज-III) में जलापूर्ति योजना का प्रावधान (बकाया कार्य), तीन वर्ष के निःशुल्क रखरखाव और त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सभी प्रकार से पूर्ण यूजीसीडब्ल्यूटी पम्प चेम्बर और चारदिवारी के निर्माण सहित जलापूर्ति योजना का प्रावधान और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 4.38 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1842267454 xenhsvpkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34075/I/88/6 दि. 21.04.25



**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### आईएएस जलज शर्मा प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन दिल्ली में में आयोजित सिविल सर्विस दिवस के अवसर परभारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की, समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनको प्रधानमंत्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2014 बैच के महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ अधिकारी तथा नासिक के जिला कलेक्टर और चंडीगढ़ निवासी, जलज शर्मा को महादेव भगवान शिव की नगरी नासिक के होलिस्टिक दृष्टि से सर्वांगीण विकास करने के लिए वर्ष 2023 का, प्रधानमंत्री पुरस्कार देकर दिया गया है। प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को 17वे लोक सिविल सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री पुरस्कार हासिल करने वालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का आह्वान किया कि वह ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण की भावना से दिन-रात काम करते हुए देश के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए और भारत देश को विकसित भारत बनाने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के विजन को आगे बढ़ाते हुए कार्य करें क्योंकि सरदार वल्लभभाई पटेल का विजन आज भी प्रासंगिक है।

## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### 9वीं व 11वीं की परीक्षाओं के अंक 25 मई तक अपलोड करने के निर्देश


**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालय/गुरुकुलों/विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्र/छात्राओं के अंक 25 मई तक ऑनलाइन अपलोड किए जाने हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने आज यहाँ एक प्रेस वक्तव्य के माध्यम से सभी विद्यालय मुखियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त सभी संस्थान शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा के अंक 25 अप्रैल से 25 मई, 2025 तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर दिए गए लिंक पर आई.डी./पासवर्ड से लॉगिन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में छात्र/छात्राओं के अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो ऐसे छात्रों को बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी वार्षिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**
मु.न. 145 दिनांक 15/04/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।
गुमशुदा की पहचान
नाम- स्वाती।
पति का नाम- दीपक।
पता-वासी गांव रिवाड़ा तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 35 वर्ष।
कद- 5 फुट।
हुलियाः- रंग गैहुआं, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला फुर्तिला शरीर।



पहनावाः- गुलाबी रंग का सुट-सलवार व पैरों मे चप्पल पहने हुए हैं।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03/04/2025 स्वाती पत्नी दीपक वासी गांव रिवाड़ा तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चली गयी हैं। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना - 7419410545
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9991487043
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/3298/2026/34064/88/6 दि. 21.04.25


### शब्द पहेली - 5844




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5843 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |






आईपीएल: प्रसिद्ध और राशिद को 2-2 विकेट, शुभमन और सुदर्शन ने फिफ्टी लगाई

# टाइटंस ने नाइट राइडर्स को 39 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस जीत से टाइटंस के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नाइट राइडर्स की टीम छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है। नाइट राइडर्स की टीम टाइटंस के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे (50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। अंगकृष रघुवंशी 13 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर रहाणे के बाद दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। राशिद खान (25 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (25 रन पर



दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नाइट राइडर्स की टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। साई किशोर (19 रन पर एक विकेट), मोहम्मद सिराज (32 रन पर एक विकेट), वाशिंगटन सुंदर (36 रन पर एक विकेट) और इशांत शर्मा (18 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। गिल ने 55 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुदर्शन (52) के साथ पहले विकेट के लिए 114 और जोस बटलर (नाबाद 41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की जिससे टाइटंस ने तीन विकेट पर 198 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सुदर्शन ने 36 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा जबकि बटलर ने 23 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स ने पारी की पांचवीं गेंद पर ही रहमानुल्लाह गुरबाज (01) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पगबाधा किया। सलामी बल्लेबाज सुनील नारायाण (17) और कप्तान रहाणे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। रहाणे ने सिराज और इशांत शर्मा पर चौका जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा पर भी दो चौके मारे। नारायण ने सिराज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन राशिद खान की गेंद पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 45 रन बनाए। राशिद की अगुआई में गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया जिससे नाइट राइडर्स की टीम 10 ओवर में दो विकेट पर 68 रन ही बना सकी। रहाणे ने वाशिंगटन सुंदर पर चौका और छक्का जड़कर रन गति बढ़ाने की कोशिश की लेकिन साई किशोर ने वेंकटेश अय्यर (14) को पवेलियन भेज दिया।

## दिल्ली-लखनऊ के बीच मुकाबला आज



**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।




## अब बेंगलुरु में होगी नीरज भाला फेंक प्रतियोगिता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा। इसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।' विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है जिसने भी अपने कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के स्थल का नाम बदल दिया है। चोपड़ा ने कहा, 'मैं चाहता था कि



यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रसारण के लिए 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) की रोशनी चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए, इस साल हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मैंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से बात की है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के हर पहलू का ध्यान रखने केलिए हमारे पास जेएसडब्ल्यू की टीम है।'

## 34 खिलाड़ियों को मिला बीसीसीआई का कॉन्ट्रैक्ट

अय्यर-किशन की वापसी, अश्विन बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को 2024-25 सीजन के लिए टीम इंडिया के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा की। बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में कुल 34 खिलाड़ी हैं। इन्हें 4 ग्रेड (ए+, ए, बी और सी ग्रेड) में रखा गया है। बीसीसीआई ने चारों अनुबंध श्रेणियों के लिए अभी राशि का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन पिछले साल को आधार माना जाए तो यह 7 करोड़ रुपए (ए+), 5 करोड़ रुपए (ए), 3 करोड़ रुपए (बी) और 1 करोड़ रुपए (सी) होने की संभावना है। पिछले सीजन बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में 30 खिलाड़ी ही शामिल थे। इस बार 8 खिलाड़ियों को जोड़ा गया है, जबकि पुराने 5 खिलाड़ियों को बाहर किया गया है।

### सरफराज को मिला फायदा

सालाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़े गए नाम हैं- श्रेयस अय्यर, इशान किशन, वरुण चक्रवर्ती, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, आकाशदीप और हर्षित राणा हैं। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जितेश शर्मा, केएस भरत और आवेश खान को बाहर कर दिया गया है।


### पंत ए ग्रेड में प्रमोट

पिछले साल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर और इशान किशन की वापसी हुई है। इस सीजन श्रेयस अय्यर को बी ग्रेड, जबकि इशान किशन को सी ग्रेड में रखा गया है। ऋषभ पंत का भी प्रमोशन हुआ है। वह अब बी से ए ग्रेड में आ गए हैं।

## भारतीय मुक्केबाजों का जीत का सिलसिला जारी



**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।



## चिंतन

# लोकसेवा को भ्रष्टाचारमुक्त व जवाबदेह बनाने की जरूरत

सरकार चाहे नीतियां बनाएं या बजट, तीन बातों को ध्यान में रखकर काम करती है। अल्प अवधि यानी तत्काल की जरूरत, मध्य अवधि की आवश्यकता और दीर्घ अवधि की योजना। कार्ययोजना चालू वर्ष, अगले तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए तैयार की जाती है। पिछले एक दशक से सरकार कुछ इसी पैटर्न पर काम कर रही है। सरकार ने लंबी अवधि योजना के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी अपने लिए रखा है। लेकिन सभी स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन में लोक सेवक या प्रशासनिक अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत की विकास यात्रा और नीति निर्माण में लोक सेवक रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। यह खासियत भी है और कमियां भी हैं। योग्य व श्रेष्ठ ब्रेन लोक सेवा में आते हैं, लेकिन हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली में इतनी जड़ता, बाबूइज्म, सुस्ती व भ्रष्टाचार हैं कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। आजादी के बाद से ही अंग्रेजी ढर्रे पर चल रहे प्रशासनिक ढांचे में समय समय पर यूं तो अनेक बार सुधार किए गए हैं, इसके बावजूद इसका मूल चरित्र लोकोन्मुखी नहीं हो सका है। देश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। 21 अप्रैल को हर वर्ष सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन लोक सेवकों को अपने कामकाज का अवलोकन करने का अवसर मिलता है। देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था और लोक सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था। देश का प्रशासनिक ढांचा आज भी स्टील फ्रेम की तरह मजबूत है, लेकिन भारतीयता, स्थानीय जरूरत, स्वदेशी ढांचा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्धता, गतिशीलता जैसे लक्षणों से दूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे की जड़ता की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान भवन में लोक सेवकों के साथ अपने संवाद में दो टूक कहा कि, 'भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।' पीएम ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। इसलिए सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नई प्रक्रियाओं का सहारा लिया जा रहा है। हाल के वर्षों में सरकार ने नागरिक सशक्तिकरण, सेवा वितरण में सुधार, डिजिटल गैप को पाटने व प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। सिविल सेवा को दक्ष, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी, लेटरल एंट्री, ई-समीक्षा, ई-ऑफिस, सिटीज़न चार्टर, सुशासन सूचकांक जैसे उपाय किए गए हैं। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य लोकसेवा को अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह बनाना है। हालांकि 1966 और 2005 के प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें अभी भी लागू होने का इंतजार कर कर रही हैं। सिविल सेवकों के कामकाज व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सोशल ऑडिट आवश्यक है। सिविल सेवा को अधिक जवाबदेह, लोकोन्मुख और परिणामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

## सारा संसार



गोबिंद सागर झील सतलुज नदी पर बने भाखड़ा बांध के पानी से बनी एक मानव निर्मित झील है जो 170 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है जो 90 किलोमीटर लंबी है। अपने स्थान और हिमालय पर्वतमाला से निकटता के कारण, झील हरे-भरे हरियाली और हर मोड़ पर शांति की आभा से घिरी हुई है।

## विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक



# सिर्फ नारों से नहीं बचेगी धरती

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज धरती को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि धरती और पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिस तरह से मौसम चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिंता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में धरती बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही अभियान की हवा निकालने में लगे हों, तो धरती पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो धरती बचाओ आन्दोलन चलाए जा रहे हैं, उनमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। धरती सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने नहीं दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास, ग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है लेकिन हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश, विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुरसत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिंता देखी जा रही है। यदि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि इसी तरह जारी रही तो दुनिया को लू, सूखे, बाढ़ व समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। तटीय इलाकों पर अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा और अनेक पारिस्थितिक तंत्र, जंतु एवं वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। 30 फीसद एशियाई प्रवाल भित्ती जो कि समुद्रीय जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अगले तीस सालों में समाप्त हो जाएंगी। वातावरण में कार्बनडाइआक्साइड की मात्रा बढ़ने से समुद्र के अम्लीकरण की प्रक्रिया बढ़ती चली जाएगी जिससे खोल या कवच का निर्माण करने वाले प्रवाल या मूंगा जैसे समुद्रीय जीवों और इन पर निर्भर रहने वाले अन्य जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरअसल उन्नत भौतिक अवसंरचना जलवायु परिवर्तन के विभिन्न खतरों जैसे बाढ़, खराब मौसम, तटीय कटाव आदि से कुछ हद तक रक्षा कर सकती है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता, वनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाश्म ईंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं। अब हमें यह समझना होगा कि धरती को सिर्फ नारे लगाकर नहीं बचाया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यूएस से कारोबार की नई उम्मीदें



वेंस की यात्रा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। उम्मीद करें कि वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

इक्कीस से 24 अप्रैल तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में साझेदारी तथा आपसी कारोबार हित संबंधी मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने में कामयाब दिखाई दिए हैं। इस वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर आधारित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अप्रैल को अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। यह भारत की टैरिफ कूटनीति की ही जीत है कि ट्रंप द्वारा चीन पर 245 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है और भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भारत के कई प्रमुख उद्योग क्षेत्र लाभान्वित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि शामिल हैं। निःसंदेह अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध में भारत का यह रणनीतिक मंथन है कि मित्र देश अमेरिका से भारत को अधिक लाभ हो सकते हैं। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह महत्वपूर्ण है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में



अमेरिका से आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर था।


यदि हम भारत के द्वारा अमेरिका को किए गए मुख्य निर्यात को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष अमेरिका को किए गए निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। अमेरिका से भारत वाले आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे व पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान तथा उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रधानमंत्री के तौर पर बीते 11 सालों में अमेरिका के साथ भारत के आर्थिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत रहे हैं और भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। यह द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2013-14 में महज 61.5 अरब डॉलर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं अमेरिका से भारत में किया गया एफडीआई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के साथ भारत का कारोबार बढ़ना भारत के लिए लाभप्रद है, वहीं चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार भारत के लिए हानिप्रद है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों में 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यद्यपि इस समय सरकार अमेरिका और चीन के टैरिफ वॉर के बीच घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए राहत देने की तैयारी कर रही है, लेकिन अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जीएसटी को सरल बनाना होगा। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। देश को अधिक डिजिटल महारत हासिल करनी होगी। भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों और कारोबारियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान दिया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सुख-शांति से जीवन जीने की कला



संकलित

दर्शन

भगवान महावीर, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर न केवल एक महान तपस्वी थे बल्कि एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने जिन पांच मूल सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी, वे आज के तनावपूर्ण और भौतिकतावादी युग में भी सुख-शांति का मार्ग दिखाते हैं। अगर हम उनके बताए मार्गों को अपने जीवन में उतारें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुख-शांति पा सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी करुणा, नैतिकता और अहिंसा की भावना को जागृत कर सकते हैं। भगवान महावीर का मार्ग समयातीत है-हर युग में प्रासंगिक और हर मनुष्य के लिए उपयोगी। भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश था- अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर ने सत्य को आत्मा की शक्ति बताया। जो वस्तु हमारी नहीं है, उसे न लेना ही अचौर्य है। यह न केवल बाह्य चोरी से संबंधित है, बल्कि मानसिक और नैतिक स्तर पर भी लालच न करने की प्रेरणा देता है। आज जब भोगवादी प्रवृत्तियां चरम पर हैं, यह सूत्र संयम और संतोष का मार्ग दिखाता है। ह्मचर्य का तात्पर्य केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि इंद्रियों की संपूर्ण नियंत्रण से है। यह व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मानुशासन और ध्यान की शक्ति देता है। आधुनिक जीवन की दौड़ में यह सूत्र आत्म-शक्ति और जीवन-संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

# जीवन भर काम आएंगी ये बातें



संकलित

प्रेरणा

चाणक्य नीति को जीवन के गहन रहस्यों की कुंजी माना जाता है। आचार्य चाणक्य, जिनकी दूरदृष्टि, नीति निपुणता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक पूरे साम्राज्य की नींव रखी। यदि किसी धर्म में दया का भाव नहीं है, तो वह केवल एक खोखला आडंबर बन जाता है-ऐसे धर्म को त्याग देना चाहिए। उसी प्रकार जो गुरु ज्ञानहीन हो, पत्नी सदैव क्रोधित रहे और जो बंधुजनों में स्नेह न हो, उन्हें भी त्याग देना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार आज जब समाज में दिखावे और आडंबर का बोलबाला है, यह श्लोक हमें बताता है कि असली मूल्य भावनाओं का है, आचरण का है। रिश्ते तब तक मूल्यवान हैं जब तक उनमें स्नेह, सहयोग और करुणा हो। यदि कोई रिश्ता केवल तनाव और क्रोध से भरा हो, तो वह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए विषाक्त हो सकता है। ऐसे में बुद्धिमत्ता इसी में है कि व्यक्ति ऐसे संबंधों से दूरी बना ले जो जीवन को बोझ बना दें। जैसे सोने की परख उसे घिसने, काटने, तपाने और पीटने से होती है, वैसे ही मनुष्य की असली पहचान उसके त्याग, शील (चरित्र), गुण और कर्म से होती है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति को उसके बाहरी लिबास और सोशल स्टेटस से आंका जाता है। आचार्य चाणक्य का यह श्लोक याद दिलाता है कि सच्ची पहचान परिस्थितियों में दिखती है। जब समय कठिन होता है, तब ही असली चरित्र सामने आता है। ये पंक्तियां आज के नेताओं, शिक्षकों, माता-पिता और हर आम इंसान के लिए मार्गदर्शन का काम करती हैं क्योंकि जीवन का मूल्य उसकी आंतरिक गुणवत्ता से होता है, ना कि उसकी चमक-धमक से।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-किशन सिंह, रायपुर*

## करंट अफेयर

# कांगड़ा घाटी के रेलवे स्टेशन पर समृद्ध इतिहास वाली कलाकृतियां



हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में लगभग 100 साल पुराने कई रेलवे स्टेशन पर 1929 में उनकी स्थापना के बाद से ट्रेन परिचालन में इस्तेमाल हुए पुरातन उपकरणों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। कांगड़ा, पालमपुर और पठानकोट जैसे स्टेशन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी के दौरान रात्रिकालीन सिग्नल प्रणाली के लिए लालटेन, 'लेवल क्रॉसिंग' पर लालटेन, पहिया फिसलने से रोकने के लिए 'स्किप' उपकरण और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरणों समेत दुर्लभ उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेंद्र ने कहा, इस दौरान फिरोजपुर मंडल ने पठानकोट स्टेशन पर विरासत से जुड़ी कलाकृतियों की प्रदर्शनी, पालमपुर स्टेशन पर विरासत गलियारा, कांगड़ा स्टेशन पर रोशनी का प्रबंध, नूरपुर और बैजनाथ के बीच चलने वाली 'नैरो-गेज' ट्रेन की सजावट, फिरोजपुर स्टेशन और मंडल कार्यालय के पास विरासत से जुड़ी वस्तुओं के विवरण के साथ 'सेल्फी प्वाइंट' की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय में विरासत से संबंधित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## ऑफ बीट

# राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी मादक पदार्थों की तस्करी



दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरूआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ट्रेंड

### चैंपियनों को हार्दिक बधाई



सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे अंडर-18 एथलीटों द्वारा अविश्वसनीय प्रयास। 11 पदकों की प्रभावशाली संख्या के साथ, उन्होंने देश को बहुत गौरव दिलाया है। हमारे सभी युवा चैंपियनों को हार्दिक बधाई।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### पोप के निधन से दुनिया दुःखी



पोप फ्रांसिस के निधन से पूरी दुनिया दुखी है, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां महत्वपूर्ण मानेंगी। वे अंतर-धार्मिक समझ और जुड़ाव के समर्थक थे। वे वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भी प्रभावशाली शक्ति थे, जिन्होंने भेदभाव समाप्त करने का समर्थन किया।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया



महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म पर मोदी सरकार के इशारे पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को योगी की तानाशाह पुलिस ने किया गिरफ्तार।

-संजय सिंह, आप नेता

### पुनर्मूल्यांकन करें



अगर यह आपकी शांति की कीमत चुकाता है, तो यह बहुत महंगा है। कोई भी नौकरी, व्यक्ति या आदत आपकी समझदारी के लायक नहीं है। अपनी शांति की रक्षा करें जैसे कि यह अमूल्य है-क्योंकि यह अमूल्य है। पुनर्मूल्यांकन करें। पुनः प्राप्त करें। पुनः ध्यान केंद्रित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बॉस्टन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने महाराष्ट्र विस चुनाव को लेकर बोला हमला

# यूएस पहुंचे राहुल ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया, भाजपा ने 'देशद्रोही' बताया

■ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर निर्वाचन आयोग पर भड़ास निकालने का आरोप लगाया





*पात्रा ने कहा, वह अक्षम और राजनीतिक रूप से अयोग्य हैं, जो हमेशा झूठे आरोपों का सहारा लेकर यह साबित करते हैं कि वह एक नेता हैं*

*भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा-अगर राहुल गांधी भारत में राजनीति नहीं कर सकते तो उन्हें किसी अन्य देश से चुनाव लड़ना चाहिए*

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ टिप्पणी को लेकर सोमवार को राहुल गांधी को 'देशद्रोही' करार दिया और उन पर 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर निर्वाचन आयोग पर अपनी भड़ास निकालने का आरोप लगाया। अमेरिका की यात्रा पर गए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कथित तौर पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन की जीत पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग की (सरकार से) मिलीभगत है। गांधी की टिप्पणी पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, आप प्रवर्तन निदेशालय (की 'नेशनल हेराल्ड' मामले में कार्रवाई) की वजह से निर्वाचन आयोग पर भड़ास निकाल रहे हैं। ऐसा करने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ईडी आपको नहीं छोड़ेगा क्योंकि एजेंसियां तथ्यों के आधार पर काम करती हैं और नेशनल हेराल्ड मामला एकदम स्पष्ट मामला है। आपको नहीं छोड़ा जाएगा। आप और आपकी मां को अपराध के जरिए अर्जित आय के साथ पकड़ा जाएगा और जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी दोनों सलाखों के पीछे जाएंगे।

### आप पर 988 करोड़ के धन शोधन का आरोप

पात्रा ने कहा, ''आप देशद्रोही हैं, सिर्फ इसलिए नहीं कि आपने विदेशी धरती पर भारतीय संस्थाओं और भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है बल्कि इसलिए भी कि आपने और आपकी मां ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में देश के करोड़ों रुपये का गबन किया है। आप और आपकी मां इससे बच नहीं पाएंगे। ईडी का कहना है कि इस मामले में अपराध की कीमत 988 करोड़ रुपये है।

### बहन वायनाड सीट से लोस जीती, तब आयोग निष्पक्ष था

राहुल गांधी से यह भी पूछा कि क्या निर्वाचन आयोग से तब भी मिलीभगत की गयी थी जब उनकी बहन एवं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा केरल की वायनाड सीट से लोकसभा के लिए चुनी गई थीं। पात्रा ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें और कांग्रेस को 99 सीटें मिली। कांग्रेस तब नतीजों को अपनी जीत और भाजपा की हार बता रही थी। क्या तब निर्वाचन आयोग ने मिलीभगत कर ली थी? उन्होंने कहा कि हालांकि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वास्तव में वह अपनी पार्टी और देश की जनता की नजर में बिना पद वाले नेता हैं। पात्रा ने कहा, वह अक्षम और राजनीतिक रूप से अयोग्य हैं, जो हमेशा झूठे आरोपों का सहारा लेकर यह साबित करते हैं कि वह एक नेता हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सलियों के मारे जाने पर सुरक्षाबलों की प्रशंसा की

# नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है: शाह

■ नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार




नई दिल्ली। गृह मंत्रालय द्वारा जारी वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, साथ में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहे। फोटो : एजेंसी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

झारखंड में सुरक्षा बलों द्वारा आठ नक्सलियों को ढेर किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जारी अभियान में आज सुरक्षाबलों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से विवेक का नाम का एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था जबकि दो कुख्यात नक्सली भी मारे गए हैं। अभियान जारी है।

### छत्तीसगढ़ के सीएम ने शाह से मुलाकात की

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। गृह मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुस्लिम आयुक्त कहे जाने पर पूर्व मुख्य निर्वाचन कुरैशी का पलटवार

## कुछ लोगों के लिए धार्मिक पहचान नफरत वाली राजनीति को आगे बढ़ाने का आधार

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के मुस्लिम आयुक्त वाले बयान पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस वाई कुरैशी ने सोमवार को कहा कि वह भारत को लेकर ऐसी अवधारणा में विश्वास करते हैं, जहां व्यक्ति की पहचान उसके योगदान से होती है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद दुबे के बयानों पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि ''कुछ लोगों के लिए, धार्मिक पहचान उनकी नफरत वाली राजनीति को आगे बढ़ाने का मुख्य आधार है।



**दुबे पर केस कीजिए हमारी अनुमति लेने की जरूरत नहीं: सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मांग की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा बयान आया है। अवमानना की कार्रवाई की मांग लेकर पहुंचे याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट ने दुबे आलोचना कर अवमानना की है।

### भाजपा के इकबाल सिंह होंगे दिल्ली के नए मेयर!

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। चुनाव 25 अप्रैल को होगा। पार्टी के प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ने पहले भी (एमसीडी) का चुनाव रुकवा दिया था। परिसीमन के दौरान वार्डों को इधर-उधर किया गया। परिसीमन के दौरान जबरदस्त गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया गया।

आप ने चुनाव नहीं लड़ने का पैसला किया

### जेईई-एडवांस्ड-2025 परीक्षा के लिए छात्रों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें 2023 में 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए 'जेईई-एडवांस्ड' 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह मामला नीतिगत क्षेत्र का है और अदालतों को शिक्षा के मामलों में हस्तक्षेप करने में धीमी गति से काम करना चाहिए। जेईई-मेन में अंतिम प्रयास के लिए बैठने के पात्र थे, लेकिन 18 मई को निर्धारित जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।

### शेयर बाजार में तेजी जारी, बैंक और आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 855 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 प्रतिशत बढ़ा था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ी अधिक है। मार्च में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 प्रतिशत, 0.2 प्रतिशत, 7.1 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की हल्की वृद्धि हुई।

### बाल तस्करी को लेकर स्थिति बद से बदतर : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में बच्चों की तस्करी का गिरोह चलाने की एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देते हुए सोमवार को कहा कि ''स्थिति बद से बदतर होती प्रतीत हो रही है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने द्वारका क्षेत्र में कई नवजात शिशुओं की तस्करी के मामले की जांच का जिम्मा संभाल रहे दिल्ली पुलिस के एक निरीक्षक से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ''स्थिति बद से बदतर होती प्रतीत हो रही है।

### भाजपा के चुनाव विभाग की तरह काम कर रहा है ईडी: बघेल

**भुवनेश्वर (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को 'नेशनल हेराल्ड' मामले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भाजपा के चुनाव विभाग की तरह काम कर रहा है। ईडी ने हाल में 'नेशनल हेराल्ड' मामले के सिलसिले में धन शोधन के आरोप में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। बघेल ने प्रेस वार्ता में कहा, ''जब भी कांग्रेस देश और देश के लोगों के हित के मुद्दे उठाती है, तो भाजपा सरकार पार्टी को बदनाम करने लगती है।



## खबर संक्षेप

### 5 दिन में 2 लाख भक्तों ने कराया पंजीकरण



**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे।

### गूगल ने 20.24 करोड़ रुपये में निपटारा किया




**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड टीवी खंड में कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित करीब चार साल पुराने एक मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ समझौता किया है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इस संबंध में नियामक को 20.24 करोड़ रुपये की निपटान राशि का भुगतान किया है। मामला खत्म हो गया।

### एवरेस्ट पर 31वीं बार चढ़ खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**काठमांडू।** दुनिया के सबसे चर्चित पर्वतारोहण गाइड कामी रीता अब 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वह लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। शेरपा कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए जहां वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे। यह समूह पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेगा।

## 13 साल बाद भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति

# वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर देखा, विश्व शांति व एकता के संदेश को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, अपने तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया।

*वेंस का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया*

*एयरपोर्ट पर ही उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया*

### मंदिर की कलात्मक रचना से हुए प्रभावित



स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन ने सभी को मालाएं पहनाईं। मंदिर भ्रमण के दौरान वेंस ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में वेंस ने लिखा कि इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे।

### दौरे से दो देशों के बीच सम्मान बढ़ा

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

### जयपुर पहुंचे वेंस

#### 2167 सुरक्षा कर्मी तैनात मिलने और आसपास रहने वालों का कोरोना टेस्ट




**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस सोमवार की रात जयपुर पहुंच गए। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 24 अप्रैल को सुबह करीब 6:30 बजे वे वॉशिंगटन के लिए रवाना होंगे। जयपुर में वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई हैं। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया गया है। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा।

## रक्षा उपकरण निर्यात को बढ़ावा : राजनाथ सिंह

# ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की दूसरी खेप भेजी गई फिलीपींस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का दूसरा बैच फिलीपींस भेजा गया है। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में भारतीय वायुसेना के विमान में भेजी गई थी, जिसमें सिविल एयरक्राफ्ट एजेंसियों से सहायता मिली थी। ये खेप दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत भेजी गई है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी।



### मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत हो रहा उत्पादन

रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा जो न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है बल्कि ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत और लचीला बनाने में भी मदद कर रहा है।

### भारत विकसित देशों में शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता के उद्देश्य से जुड़ी हैं, साथ ही यह क्षमताएं 'विनिर्माण' को ग्लोबल सप्लाई शॉक से भी बचा रही हैं। भारत आज मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), सबमरीन (आईएनएस अरिहंत) और विमान वाहक जहाज (आईएनएस विक्रांत) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## अब फ्रांस और इजराइल के बीच ठनी!

# 27 सांसदों का वीजा किया रद बताया- वे देश के लिए 'खतरा'

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजराइल और फिलिस्तीनी इलाकों की यात्रा से सिर्फ दो दिन पहले 27 फ्रांसीसी सांसदों और स्थानीय नेताओं को बताया गया कि उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। इस समूह में फ्रांस की वामपंथी, पर्यावरण समर्थक और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद इस यात्रा के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शांति को बढ़ावा देना था। येरुशलम में फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास ने सांसदों को पांच दिन की यात्रा के लिए बुलाया था। इजराइल के आंतरिक मंत्रालय ने उनका वीजा एक खास कानून के तहत रद्द कर दिया। यह कानून सरकार को ऐसे लोगों को देश में आने से रोकने की अनुमति देता है, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। इन सांसदों और अधिकारियों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने इस कदम को सामूहिक सजा और राजनयिक रिश्तों में बड़ी दरार बताया।



### रिश्तों में आएगी दरार

इजराइल के आंतरिक मंत्रालय ने उनका वीजा एक खास कानून के तहत रद्द कर दिया। इन सांसदों और अधिकारियों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने इस कदम को सामूहिक सजा और राजनयिक रिश्तों में बड़ी दरार बताया।

### फैसला बदलने राष्ट्रपति मैंक्रो से किया अनुरोध

सांसदों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन से प्रतिक्रिया देने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि इजराइल अपना फैसला बदल दे। सांसदों ने कहा कि उनके राजनीतिक दल लंबे समय से फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन करते रहे हैं, जैसा कि हाल ही में मैक्रोन ने किया। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस जून में होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दे सकता है। इस महीने की शुरुआत में इजराइल ने तेल अवीव हवाई अड्डे पर दो ब्रिटिश सांसदों को निर्वासित कर दिया था।

### भारतीय वायु सेना के अभ्यास में जर्मनी, ब्रिटेन और यूएस भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पहुंची। वायुसेना का दल ने यहां सोमवार से शुरू हुए एक बहुराष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' में हिस्सा लिया। इसमें भारत और यूएई के अलावा फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कतर, दक्षिण कोरिया और तुर्की जैसे देश शामिल हैं। अभ्यास 21 अप्रैल से 8 मई 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। उद्देश्य दुनिया की कुछ सबसे सक्षम वायु सेनाओं के साथ परिचालन ज्ञान को साझा करना है।

# डॉ. मांगी लाल जाट ने डेयर के सचिव तथा भाकृअनुप के डीजी का पदभार संभाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण किया है। संघ कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने अपनी अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है। इससे पहले वे हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आईसीआरआईएसएटी) में उप-महानिदेशक (अनुसंधान) तथा वैश्विक अनुसंधान कार्यक्रम के निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. जाट सतत कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने में विश्व स्तर पर सम्मानित व्यक्ति रहे हैं जो कृषि विज्ञान, जलवायु-अनुकूल कृषि के साथ संरक्षित कृषि में 25 वर्षों से अधिक का वृहद अनुभव रखते हैं। उनकी नियुक्ति से भाकृअनुप के व्यापक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर नवाचार, संधारणीयता एवं किसान-केन्द्रित अनुसंधान को गति मिलने की उम्मीद है।

### मृदा नमी संरक्षण के विशेषज्ञ

भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली के पूर्व छात्र, डॉ. जाट ने वर्षा आधारित बाजरा फसल में मृदा नमी संरक्षण की विशेषज्ञता-शुष्क क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे विषय परकृषि विज्ञान में पीएचडी की है। उनके अग्रणी शोध ने एशिया और अफ्रीका महादेश में छोटे किसानों के लिए सतत गहनता की रणनीतियों को नया आकार दिया जिससे खाद्य प्रणाली के जलवायु अनुकूल उत्पादन हेतु वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT




डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
#स्कीम 30th April 2025 तक मान्य

Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**